



## एक नजर में

### चार ट्रैक्टर-ट्रॉली कचरा-गंदगी निकाली नदी से



**मंदसौर।** शिवना शुद्धिकरण अभियान के 111वें दिन रविवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं, युवा, पत्रकार एवं समाजसेवी श्रमदान के लिए पहुंचे। श्रमदानियों ने उत्साहपूर्वक नदी से गाद, प्लास्टिक कचरा एवं गंदगी निकालकर साफ-सफाई की।अभियान के दौरान नदी से 4 ट्रॉली कचरा बाहर निकाला गया तथा नदी किनारे फैली गाजर घास और अपशिष्ट भी हटाए गए।इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि लगातार जनसहयोग से शिवना नदी का स्वरूप निखर रहा है। उन्होंने नागरिकों से प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक अभियान में शामिल होकर श्रमदान करने की अपील की। रविवार को आयोजित श्रमदान में विभिन्न सामाजिक संगठनों, ग्रामीण क्षेत्रों, महिला समूहों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता कर शिवना को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने का संकल्प लिया।

### सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**गरोठ।** सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए वीडियो वायरल करने वाले तीन आरोपियों को गरोठ पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक देशी कट्टा, दो जिंदा राउंड, दो एयरगन एवं बिना नंबर की स्कॉर्पियो वाहन जब्त की है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील एवं एसडीओपी विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बलवीरसिंह यादव की टीम ने कार्रवाई की। पुलिस को सोशल मीडिया पर खड़ावदा शराब दुकान के सामने कुछ युवकों द्वारा हथियार लहराकर रील बनाने का वीडियो वायरल होने की सूचना मिली थी। जांच में आरोपियों की पहचान कमलसिंह निवासी कुण्डला खुर्द, विनोद निवासी बारामासी एवं बालु उर्फ बालमुकुंद निवासी बरखेड़ा उदा के रूप में हुई। पुलिस ने मुखबिर सूचना पर सेमरोल गांव के पास नाकाबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, दो एयरगन तथा बिना नंबर की काले रंग की स्कॉर्पियो जब्त की गई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फर्जी वसीयत बनाकर बेशकीमती भूमि हड़पने की साजिश, आरोपियों को कोर्ट से जारी हुआ नोटिस

**पिपलियामण्डी।** फर्जी वसीयतनामा एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर परिवादी की बेशकीमती भूमि हड़पने के प्रयास के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नारायणग? ने आरोपियों के विरुद्ध सूचना पत्र जारी किए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवादी मनीष पिता ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी पिपलिया मंडी ने न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत कर आरोप लगाया कि ऋषि पिता पंकज गोयल, पंकज पिता ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी पिपलिया मंडी सहित साक्षी बाबूलाल पिता प्यारेलाल, अशोक पिता मोडीराम शर्मा, नोटरी अभिभाषक रमेशचन्द्र बुदीवाल ने षड्यंत्रपूर्वक फर्जी वसीयतनामा एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उनकी बेशकीमती संपत्ति ह?पने का प्रयास किया। परिवादी द्वारा न्यायालय के समक्ष भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं 49, 61(2), 316(2), 316(5), 318(1), 319(1), 319(2), 318(4), 338, 336(2) एवं 340(2) के अंतर्गत परिवाद प्रस्तुत किया गया। साथ ही हस्तलेख विशेषज्ञ की जांच रिपोर्ट भी पेश की गई, जिसमें कथित वसीयतनामा पर मृतका शकुंतलाबाई के हस्ताक्षर वास्तविक नहीं पाए गए। न्यायालय ने परिवादी एवं साक्षियों के कथनों, प्रस्तुत दस्तावेजों तथा तर्कों से प्रथम दृष्टया सहमत होते हुए प्रकरण को यूएनसीआर में दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ करते हुए सूचना पत्र जारी किए।

## प्रशिक्षण वर्ग में बताया भाजपा के विकास के बारे में



**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय जिला स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग 2026 दलौदा स्थित मधुर मिलन गार्डन में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ वंदे मातरम् गान, ध्वजारोहण, दीप प्रज्ज्वलन एवं प्रदर्शनी अवलोकन के साथ हुआ तथा समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

प्रशिक्षण वर्ग में 12 सत्रों के माध्यम से पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया, कार्यकर्ता विकास, सरकार की उपलब्धियां, गरीब कल्याण योजनाएं एवं राष्ट्रहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। वर्ग में प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी विजय दुबे, केबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार, प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया, सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी, जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया।

प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी विजय दुबे ने हमारा वैचारिक अधिष्ठान विषय पर एकात्म मानववाद, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं पंच निष्ठाओं की विस्तृत व्याख्या की। वहीं विधायक अरुण भीमावत ने भाजपा के इतिहास और विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार ने कार्यकर्ता विकास एवं संगठनात्मक दायित्वों पर मार्गदर्शन दिया।

प्रशिक्षण वर्ग में बूथ प्रबंधन, आईटी एवं सोशल मीडिया की भूमिका, संवाद शैली, संगठन विस्तार तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। आईटी विभाग के प्रदेश सह संयोजक सोमेश पालीवाल ने एआई एवं नई तकनीकों के उपयोग पर कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। दो दिवसीय वर्ग में जिलेभर से आए 178 पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रथम दिवस पुरुष कार्यकर्ता पारंपरिक धोती-कुर्ता तथा मातृशक्ति केसरिया वेशभूषा में उपस्थित रही। प्रशिक्षण वर्ग का संचालन भाजपा जिला महामंत्री एवं जिला संयोजक शिवराजसिंह घटावदा ने किया। समापन अवसर पर व्यवस्थाओं में सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया।




## शीतला माता मंदिर का होगा जीर्णोद्धार मंदिर समिति की बैठक में निर्णय

**मंदसौर। स्थानीय महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा (संजीत नाका) स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर प्रांगण में 10 मई, रविवार को मंदिर समिति की बैठक सम्पन्न हुई।**

संजीत रोड पर संजीत नाका स्थित इस चमत्कारी मंदिर में शीतला माता की प्रतिमा के साथ माँ दुर्गा एवं बाबा शिव भी विराजित हैं। उत्कृष्ट रोड बनने के बाद प्राचीन मंदिर रोड के समतल होने से वर्षा काल में मंदिर परिसर में पानी का भराव हो जाता है। माता रानी की कृपा से बैठक में निर्णय अनुसार इस मंदिर का भव्य जीर्णोद्धार कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ होगा। बैठक में समाज सेवी गुरुचरण बग्गा, श्रवण कुमार त्रिपाठी, समिति अध्यक्ष अर्जुन डाबर, संयोजक राजेश गुर्जर, महेश पंवार, रामचन्द्र गुप्ता, सुरेश शर्मा, पं. भंवरलाल पाण्डे उपस्थित थे। उक्त जानकारी मंदिर समिति सचिव कन्हैयालाल सोनगरा ने दी।

## 75 श्रावक-श्राविकाओं ने की सामूहिक सामायिक, हर रविवार हो रहा आयोजन

**मन्दसौर। प.पू. श्री उपाध्याय गौतम मुनि म.सा. की पावन प्रेरणा से मंदसौर स्थानकवासी जैन समाज में प्रति रविवार सामूहिक सामायिक करने का प्रयास प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में पहले रविवार को प्रात: 8 से 9 बजे तक (लगभग 1 घंटा) सामूहिक रूप से सामायिक का आयोजन किया गया।**

नई आबादी शास्त्री कॉलोनी स्थित श्री जैन दिवाकर स्वाध्याय भवन में लगभग 75 श्रावक श्राविकाओं ने सामूहिक सामायिक की। धर्म से जु?ने, आत्मशुद्धि करने एवं मन को शांत रखने हेतु सामायिक एक श्रेष्ठ आराधना है जो कि लगभग 48 मिनट की होती है। सामायिक के माध्यम से श्रावक श्राविकाएं कुछ समय के लिये राग-द्वेष एवं सांसारिक लोभ मोह एवं चिंताओं से दूर होकर धर्म ध्यान में लीन होते हैं। कल हुई सामूहिक सामायिक आराधना के पश्चात् श्रीमति



स्नेहलता बोहरा पुत्र मनीष बोहरा जैन परिवार के द्वारा नवकारसी का भी आयोजन किया गया जिसका सभी ने धर्मलाभ लिया। अगले रविवार दिनांक 17 मई 2026 को नई आबादी स्थित महावीर भवन में सामूहिक सामायिक होगी। नई आबादी श्रीसंघ ने सभी से धर्मलाभ लेने की विनती की है।

**एक नजर** — इनरव्हील क्लब ने रचनात्मक प्रतियोगिताओं से मनाया मातृत्व दिवस

## मां प्रेम और संस्कारों की जीवंत प्रतिमा : हेमा हिंगड़

**मन्दसौर। इनरव्हील क्लब मंदसौर द्वारा मातृत्व दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

इसकी जानकारी देते हुए क्लब अध्यक्ष हेमा हिंग? ने बताया कि कार्यक्रम में क्लब सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं मातृत्व के महत्व को रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अभिव्यक्त किया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान क्लब की कोषाध्यक्ष सुनीता पहा?िया ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान आईएसओ मेजर उषा कुमावत एवं तृतीय स्थान निशी पाटनी को प्राप्त हुआ। विजेताओं को क्लब पदाधिकारियों द्वारा शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया गया।




इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष हेमा हिंग? ने अपने उद्बोधन में कहा कि माँ केवल एक शब्द नहीं बल्कि त्याग, प्रेम और संस्कारों की जीवंत प्रतिमा है। मातृत्व दिवस हमें माँ के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और प्रेम व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। ऐसे आयोजन महिलाओं की प्रतिभा को मंच देने के साथ-साथ आपसी स्नेह एवं आत्मविश्वास को भी ब?ावा देते हैं। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सदस्य निर्मला मेहता, वंदना संघवी, किरण भामावत ,रचना दोषी, पुष्पा जोशी, शर्मिला बसेर, बबीता रिछावरा का प्रतियोगिता में उत्साह एवं आनंद से भरपूर रहा। सचिव रचना दोषी एवं एडिटर किरण भामावत ने सभी का आभार माना।

# नीमच

## एक नजर में

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत जावद में वाहन ने मारी थी टक्कर, नीमच जिला अस्पताल में तोड़ा दम



**नीमच।** जिले के जावद थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना मेंढकी और बवाल के बीच शनिवार देर रात की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान मेंढकी निवासी कमलेश (34) पुत्र शंभूलाल भील के रूप में हुई है। कमलेश बीती रात अपनी बाइक से जा रहा था, तभी मेंढकी और बवाल के बीच एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कमलेश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर गया। राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस की मदद से कमलेश को तत्काल जावद शासकीय अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने रात करीब 9 बजे उसे नीमच जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। नीमच जिला अस्पताल में इलाज के बावजूद कमलेश की जान नहीं बचाई जा सकी और आज अल सुबह उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल पुलिस चौकी ने रविवार को शव का पंचनामा बनाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### नीमच में मनाई महाराणा प्रताप जयंती, विधायक ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, त्याग और बलिदान को किया नमन



**नीमच।** महाराणा प्रताप केवल एक राजा नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उनका जीवन हम सभी को अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने तथा मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। मेवाड के वीर शासक महाराणा प्रताप का जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्र समर्पण की अमर गाथा है। उक्त आशय के उद्गार ग्वालटोली चौराहा स्थित महाराणा प्रताप प्रतिमा पर राजपूत पदाधिकारियों के साथ उन्हें श्रद्धा के साथ माल्यार्पण एवं नमन कर व्यक्त किए। विधायक ने उपस्थित लोगों से एकजुट होकर अपने धर्म, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया।

### लायंस क्लब मनासा और नगर के लिए गौरव का पल, रमेश मूंदड़ा लायन संभागीय अध्यक्ष मनोनीत



**मनासा।** लायंस क्लब के सक्रिय एवं पुर्व अध्यक्ष एड. रमेश मूंदड़ा को लायन संभागीय अध्यक्ष (ऋष्ट) 2026-2027 के पद पर मनोनीत किया गया।27 वर्षों से अपने सेवा कार्य कर रहे मनासा क्लब के सदस्य को पहली बार इस पद पर सुशोभित होने का अवसर प्राप्त हुआ हे।मध्यप्रदेश राजस्थान के करीब 15 क्लब इस संभाग के अंतर्गत आते हे, इस सभी क्लब के साथ सेवा कार्य करने का मौका लायन प्रांतपाल निशांत जी जैन एवं उनकी पूरी कैबिनेट की वजह से संभव हुआ हे।मनासा लायंस क्लब के अध्यक्ष महेश राठी, सचिव अनुप व्यास, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र जैन, उपाध्यक्ष नेमिचन्द्र पाटीदार, सह सचिव रामानुज परवाल, चेयरपर्सन प्रद्युम्न मारु, दिनेश झंवर, अश्विन सोनी, बोर्ड आफ डारेक्टर यशवंत सोनी, मंगेश संघई, डॉ राजेश पाटीदार, एम के डे, प्रशान्त शर्मा, गिरीश भट्ट प्रकाश झंवर अंकित सारड़ा, अशोक मालपानी, अरुण बसेर, विष्णु सोनी, ने रमेश मुन्दड़ा की (ह्रष्ठ) के पद पर मनोनीत होने पर गर्व महसूस किया है।

## जनता को कब मिलेगी की पुलिया की सौगात, बार-बार अटक रहा प्रोजक्ट...

▶ 1 वर्ष में तैयारी होनी थी, लेकिन 3 साल बाद भी नहीं बन सकी प्राइवेट बस स्टैंड पुलिया, लापरवाही से अटका प्रोजक्ट

**यह होना था**

आमजन को जाम और बढ़ते ट्रैफिक से निजात दिलाने के लिए प्राइवेट बस स्टैंड के पीछे से वैभव नगर होकर नीमच मंदसौर मार्ग को जोड़ने वाली रपट पर 7 मीटर चौड़ा ब्रिज बनाया जाना था। इसकी ड्राइंग फाइनल होने के बाद तकनीकी स्वीकृति के बाद जुलाई में टेंडर प्रक्रिया शुरु की गई थी ताकि बारिश के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जा सके लेकिन अप्रैल माह शुरु हो गया है लेकिन पुलिया निर्माण के अते पते तक नहीं है।रपट पर 1 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से ब्रिज बनाया जाना है। इससे नीमच-मंदसौर शहरी हाइवे पर बने माधोपुरी बालाजी मंदिर ब्रिज पर लगातार बढ़ रहे ट्रैफिक से लोगों राहत मिलेगी। साथ ही मंदसौर की तरफ से आवागमन करने वाली बसे सीधे वैभव नगर होते हुए बस स्टैंड पहुंच सकेंगी।

**नीमच।** शहर के प्राइवेट बस स्टैंड के समीप छोटी पुलिया निर्माण कार्य 3 साल बाद भी पूरा नहीं हो सका है। करीब 8 महीनों से प्राइवेट बस स्टैंड से वैभव नगर और महू नसीराबाद मार्ग तक जाने वाला रास्ता अधूरे निर्माण कार्य के कारण पूरी तरह से बंद है। निर्धारित समय में पुलिया को प्रोजक्ट पूरा नहीं होने से महू नसीराबाद के मुख्य मार्ग माधोपुरी बालाजी मार्ग की मुख्य पुलिया पर सुबह से लेकर देर रात तक यातायात दबाव बढ रहा है।

करीब 3साल से पुलिया निर्माण की योजना कागजों में ही अटकी हुई है। नगरपालिका ने करीब 6 माह पहले पुलिया निर्माण कार्य की शुरु किया था लेकिन नाले की खुदाई के बाद ब्रेक लग गए और निर्माण कार्य ठप हो गया। पुलिया निर्माण का कार्य तो पूरा नहीं हो सका लेकिन यहां पुल के दोनों ओर टीन शेड लगा कर इस मार्ग को पूरी तरह अवरुद्ध दिया है। कार्य रुकने पर जिम्मेदार तकनीकी खामियों को जिम्मेदार मान रहे है।

पुल बनाने का काम वर्तमान समतय में पूरी तरह ठप पड़ा है। पुलिया नहीं से आवागमन सहित इस क्षेत्र के आसपास रहने वाले लोगों को कई तरह की समस्याओं से जुझना पड़ है।ठेकेदार द्वारा पुल निर्माण के लिए खाईनुमा गड्ढा खोद दिया गया है लेकिन काम शुरु नहीं हो सका है। इस मार्ग से आवागमन बंद होने के कारण फोरव्हीलर वाहनों को प्राइवेट बस स्टेंड से छोटी पुलिया से होकर जाने वाले वैभव नगर, सनसिटी,वृंदावन कालोनी, डी मार्ट तक जाने के लिए अब लोगों को महू नसीराबाद मार्ग की बडी पुलिया से होकर गुजरना पड़ रहा है इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही अधिक होने के कारण विशेष कर बुर्जुग वाहन चलाकों के लिए दुर्घटना का खतरा काफी बढ गया है। नगरपालिका द्वारा एक और तो शहर भर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है लेकिन प्राइवेट बस स्टेड के समीप यह छोटी पुलिया गंदगी के आगोश में है। नगरपालिका वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए दीवार तो बना डाली लेकिन इसमें से कुछ लोग शार्ट कट वाले रास्ते से अपने टू व्हीलर वाहनों से आवागमन कर अपनी जान जोखिम में डाल रहे है।

**1 साल में साल में तैयार होना थी पुलिया**- इन दिनों शहर में टैफिक सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। पिछले कई सालों से प्राइवेट बस स्टेंड की क्षतिग्रस्त छोटी पुलिया निर्माण की योजना बनाई जा रही है । इसके लिए कई प्रयास हुए, लेकिन हर बार कुछ न कुछ बाधा आ ही जाती है। वर्ष 2025 में इसके निर्माण के लिए प्रयास जरुर हुए लेकिन कुछ समय बाद भी यह कार्य बंद हो गया। वर्ष 2026 के अप्रैल माह में भी यह काम ठप पडा है। अफसोस कि इस पुल का निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है।स्थिति ये है कि प्राइवेट बस स्टेंड से वैभव नगर एवं महू रोड की तरफ जाने वाला मार्ग पूरी तरह बंद पड़ा है । लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही खत्म थमने का नाम नहीं ले रही है। इसका खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ रहा है।ट्रैफिक का पूरा दबाव शहर के महू नसीराबाद के मुख्य मार्ग माधोपुरी बालाजी पुलिया से लेकर नाका नं. 2 तक अधिक बढ गया है।

**इनका कहना**

प्राइवेट बस स्टैंड छोटी पुलिया का कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाएंगे। इस संबंध में नपा सीएमओ को भी निर्देश दिए है।

– स्वाति चौपड़ा, अध्यक्ष नगरपालिका, नीमच।



## नीमच में पेयजल वाहन अभियान शुरू, बेजुबानों की प्यास बुझा रही गऊ सेवा दल की टीम

▶ शहरभर की टंकियों में भर रहे स्वच्छ पानी

**नीमच।** भीषण गर्मी के बीच जहां इंसान ही नहीं बल्कि बेजुबान पशु-पक्षी भी पानी के लिए परेशान हैं, वहीं गौ सेवा समिति नीमच की गऊ सेवा दल टीम एक बार फिर सेवा और संवेदनशीलता की मिसाल बनकर सामने आई है। समिति ने पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी 'पेयजल जल वाहन अभियान' शुरू कर शहर में गौवंश एवं अन्य जीवों के लिए पेयजल व्यवस्था का कार्य प्रारंभ किया है।

करीब दो हजार लीटर क्षमता की टंकी से सुसज्जित वाहन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर 25 से अधिक छोटी-बड़ी पानी की टंकियों में स्वच्छ पानी भर रहा है। अभियान के दौरान कई स्थानों पर टंकियां गंदगी और कचरे से भरी मिलीं, जिन्हें गौ सेवकों ने स्वयं साफ कर उनमें पानी भरा, ताकि बेजुबान जीवों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

गऊ सेवा दल के सदस्यों ने बताया कि पिछले वर्ष यह अभियान लगातार 84 दिनों तक चलाया गया था और इस वर्ष भी पूरी गर्मी के दौरान प्रतिदिन जल सेवा जारी रहेगी। जनसहयोग से संचालित यह टीम पिछले छह वर्षों से बीमार, घायल, लाचार एवं विकलांग गौवंश की सेवा में निरंतर कार्य कर रही है। सेवा कार्य के दौरान गौ सेवक मितेश अहीर, पार्थ जोशी, खुश सैनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। गऊ सेवा दल की यह पहल न केवल जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दे रही है, बल्कि समाज को सेवा, करुणा और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रेरित कर रही है।

**एक नजर** — आचार्य शांति सागर महाराज सड़क मार्ग नामकरण लोकार्पण समारोह में मुनी सुप्रभ सागर जी महाराज ने कहा

## सामाजिक समरसता का संदेश देगा आचार्य शांति सागर मार्ग

**नीमच।** महापुरुषों के उपदेशों से जीवन में पाप कर्म दूर होते हैं और पुण्य कर्म बढ़ते हैं। महापुरुषों के बताएं उपदेश से जीवन में संयम धैर्य तपस्या और धर्म का मार्ग प्रशस्त होता है और यही संस्कार हमें आत्म कल्याण के मार्ग की ओर अग्रसर करते हैं। आचार्य शांति सागर के नाम पर स्थापित यह सड़क हमें सामाजिक समरसता का संदेश देगी। जब भी आने वाली नई पीढ़ी इस मार्ग पर चलेगी और वह बोलेगी की शांति सागर मार्ग वहां है तब तब ऋषि मुनियों की त्याग तपस्या को याद किया जाएगा।



महापुरुषों के बताएं उपदेशों को जीवन में आत्मसात किए बिना आत्म कल्याण का मार्ग नहीं मिलता है।यह बात सुप्रभ सागर जी महाराज ने कहीं। वे दिगंबर जैन समाज नीमच द्वारा पुस्तक बाजार में दिगंबर जैन मंदिर के बाहर 40 विद्युत वितरण केंद्र के पीछे मुख्य सड़क का नाम आचार्य शांति सागर महाराज के नाम पर नामकरण एवं आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित समाज जनों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे ।उन्होंने कहा कि आचार्य शांति सागर महाराज का जन्म दक्षिण कर्नाटक में हुआ था।उन्होंने अपने जीवन में 9938 उपवास किये, 35 वर्ष के दीक्षा आयु वर्ग में उन्होंने 27 वर्ष तो उपवास में बिता दिए थे। संघर्ष और कठिनाइयों को सहन किया और उत्तर भारत में कठिन समय में दिगंबर जैन संतों के विचरण सरल मार्ग के लिए लोगों को प्रेरणा प्रदान की थी ।गुरु के बिना मार्गदर्शन नहीं मिलता है ।

राजा महाराजा के भी कुलगुरु होते थे। वह उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करते थे। राजनीति में धर्म नीति का साथ हो तो सुदृढ़ प्रजातंत्र का विकास होता है धर्म में राजनीति हो तो धर्म का विनाश हो जाता है और राजनीति में धर्म हो तो देश की उन्नति होती है। भारत विश्व गुरु था, भारत विश्व गुरु है ,और भारत विश्व गुरु रहेगा। भारत देश ने ही पूरे विश्व को तकनीकी विज्ञान और ज्ञान का मार्ग बताया है पुष्पक विमान इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। राजनेता धर्म नीति पर चलकर राजनीति के मार्ग पर अग्रसर हो तो भारत राष्ट्र उच्च शिखर पर पहुंच सकता है।

मुनी वैराग्य सागर जी महाराज ने कहा कि अहंकार के कारण विवाद और युद्ध होते हैं।हमने पहले भी कहा था कि ईरान इराक का युद्ध कुछ दिन तक चलेगा और अंत में स्वयं ही बंद हो जाएगा। युद्ध में अहंकार के कारण जनधन सम्पत्ति का नुकसान होता है उसके बाद व्यक्ति स्वत: शांत हो जाता है। मनुष्य स्वार्थ के कारण परिवार में बिखराव बढ़ रहा है व्यक्ति के पास धन मकान और रोटी तो है लेकिन मानसिक दुर्बलता के कारण पति-पत्नी में विवाद की स्थिति तलाक तक पहुंच रही है। परिवार बिखर रहा है चिंतन का विषय है। बांसवाड़ा में जैन मंदिर और मस्जिद दोनों पास पास है दोनों ही धर्म के लोग एक दूसरे को त्योहारों पर मार्ग प्रदान करते हैं और शांतिपूर्वक सामाजिक समरसता प्रस्तुत करते हैं।